'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 5th Semester Examination, 2022

CC12-HINDI (512)

हिन्दी उपन्यास

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) 'गबन' उपन्यास के कथानक में झूठे मुकदमे की कथा को जोड़ने के पीछे प्रेमचंद का उद्देश्य क्या है ?

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष क्या है ? इसके अलावे जैनेन्द्र के दो मनोवैज्ञानिक उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ग) 'त्यागपत्र' उपन्यास के नायक प्रमेय का अपनी बुआ मृणाल के प्रति कैसा व्यवहार रहा ?

(घ) चित्रलेखा किसे अपना छोटा भाई कहती है ? श्वेतांक और विशालदेव के गुरु कौन हैं ?

(ङ) चित्रलेखा कहाँ और किससे दीक्षित होने गयी थी ? चित्रलेखा किस उम्र में विधवा हो गयी थी ?

(च) 'महाभोज' उपन्यास में दत्ता साहेब कौन-से अखबार के पत्रकार हैं ? 'दत्ता साहेब' अपने हित में दा साहेब से क्या चाहते हैं ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) 'गबन' में राष्ट्रीय आंदोलन का चित्रण किस तरह हुआ है ? संक्षेप में उत्तर दीजिए।

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास के आधार पर जैनेन्द्र की स्त्री-चेतना का सोदाहरण विश्लेषण कीजिए।

(ग) 'गबन' उपन्यास के शिल्प पक्ष पर विचार कीजिए।

(घ) 'चित्रलेखा' उपन्यास में बीजगुप्त द्वारा किये गए त्याग पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'चित्रलेखा' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(च) 'महाभोज' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के आलोचनात्मक उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) औपन्यासिक शिल्प के आधार पर 'त्यागपत्र' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'गबन' उपन्यास में प्रेमचंद ने मध्यवर्ग का यथातथ्य वर्णन किया है।'' उक्त कथन की विवेचना कीजिए।

(ग) 'चित्रलेखा' उपन्यास में व्यक्त जीवन-दर्शन की विवेचना कीजिए।

(घ) 'महाभोज' भारत की स्वातंत्र्योतर राजनीति का जीता-जागता दस्तावेज है।'– इस कथन के आलोक में इस उपन्यास का विश्लेषण कीजिए।

——×——